326. वर्टीसोल्स मिट्टी राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों में नहीं पाई जाती-

(a) झलावाड़, बारां
(b) कोटा, भरतपुर
(c) बूँदी, बाँसवाड़ा
(d) धौलपुर, करौली

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

327. निम्नलिखित में से कौन-सा (मिट्टी-जिले) सुमेलित नहीं है?

(a) मध्यम काली-बूंदी, बारां
(b) लाल लोमी - डूंगरपुर, उदयपुर
(c) लाल और पीली-झालावाड़, कोटा
(d) भूरी रेतीली कछारी- भरतपुर, अलवर

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (c) : राजस्थान में पाई जाने वाली मिट्टियों और जिलों का सही सुमेलन इस प्रकार है।

(i)	मध्यम काली मिट्टी -	बूंदी, बारां
(ii)	लाल लोमी मिट्टी -	डूंगरपुर, उदयपुर
(iii)	लाल और पीली मिट्टी -	सिरोही, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, अजमेर
(iv)	भूरी रेतीली कछारी मिट्टी -	भरतपुर, अलवर

328. मृदा के नवी वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान में 'अल्फीसोल्स' मृदा पायी जाती है-

(a) जयपुर, अलवर और सीकर में
(b) चुरू, झुंझुनू और बाड़मेर में
(c) जैसलमेर और बाड़मेर में
(d) प्रतापगढ़ और सिरोही में

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (a) : राजस्थान में ''अल्फीसोल्स'' मृदा समूह जयपुर, अलवर, कोटा, भरतपुर, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर आदि जिलों में पाई जाती है। अल्फीसोल्स मृदा पूर्णरूप से विकसित है तथा इसमें आर्जिलिक मृदा संस्तर पाया जाता है।

329. राजस्थान के रेतीले शुष्क मैदान तथा अर्द्ध-शुष्क संक्रमणकालीन मैदानों को कौन सी समवर्षा रेखा अलग करती है?

(a) 10 सेमी.
(b) 50 सेमी.
(c) 75 सेमी.
(d) 25 सेमी.

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (d) : राजस्थान के रेतीले शुष्क तथा अर्द्ध-शुष्क संक्रमणकालीन मैदानों को 25 सेमी. समवर्षा रेखा अलग करती है। राजस्थान को जलवायु की दृष्टि से पाँच भागों में वर्गीकृत किया गया है-

(i) शुष्क जलवायु प्रदेश (0-20 cm)
(ii) अर्द्ध शुष्क जलवायु प्रदेश (20-40 cm)
(iii) उपआर्द्ध जलवायु प्रदेश (40-60 cm)
(iv) आर्द्र जलवायु प्रदेश (60–80 cm)
(v) अति आर्द्र जलवायु प्रदेश (80-100 cm)

330. लाल दोमट प्रकार की मिट्टी राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में पाई जाती है?

(a) नागौर (b) जालौर
(c) जोधपुर (d) बांसवाड़ा

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (d) : लाल दोमट मिट्टी राजस्थान राज्य के उदयपुर, डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा जिले में पाई जाती है। इसमें लौह ऑक्साइड, चूना, पोटाश और फास्फोरस कम मात्रा में पाई जाती है। लौह अंश के कारण इसका रंग लाल होता है। इस मृदा में मक्का, चावल व गन्ना आदि का उत्पादन होता है।

331. राजस्थान में लाल लोम मृदा पायी जाती है :

(a) सिरोही में (b) पाली में
(c) उदयपुर में (d) जालौर में

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

332. राजस्थान में निम्नलिखित कौन से जिलों में लाल लोमी मिट्टी पायी जाती है?

(a) सिरोही एवं पाली
(b) डूंगरपुर एवं उदयपुर
(c) कोटा एवं बूंदी
(d) सवाई माधोपुर एवं करौली

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

333. लाल दोमट मिट्टी राजस्थान में पाई जाती है-

(a) डूंगरपुर- बांसवाड़ा
(b) सीकर- कोटा
(c) बारां- झालावाड़
(d) बूंदी-भीलवाड़ा

LDC Exam 09.09.2018

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

334. अर्धशुष्क पूर्वी मैदानी कृषि जलवायु उपखण्ड में सम्मिलित है-

(a) उदयपुर व भीलवाड़ा
(b) डूंगरपुर व बांसवाड़ा
(c) जयपुर, अजमेर, टोंक व दौसा
(d) अलवर, भरतपुर व धौलपुर

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथिः19-09-2020

Ans. (c) राजस्थान राज्य को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है। जिसमें अर्धशुष्क पूर्वी मैदानी कृषि जलवायु उपखण्ड के अंतर्गत राजस्थान के चार जिले जयपुर, अजमेर, टोंक तथा दौसा आते हैं। इस जलवायु प्रदेश के अंतर्गत 500-700mm वर्षा होती है। राजस्थान का सबसे छोटा कृषि जलवायु प्रदेश आर्द्र दक्षिणी मैदान है जबकि सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश अति शुष्क आंशिक सिंचित प्रदेश है।

335. राजस्थान के नागौर, पाली, जोधपुर और बाड़मेर जिलों में मुख्य रूप से कौनसी मिट्टी पायी जाती है?